वर्ष-01, अंक-185
छपरा
बुधवार 8 मई 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग खत्म

## 65.91% मतदान, असम में सबसे ज्यादा 76.55% वोटिंग

### बंगाल में भाजपा -टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़प



**नई दिल्ली,एजेन्सी।** 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 93 लोकसभा सीटों पर मंगलवार (7 मई) को 65.91% वोटिंग हुई। ये आंकड़े रात 9 बजे तक के है। इनमें इजाफा हो सकता है। 2019 के लोकसभा चुनाव के थर्ड फेज में 116 सीटों के लिए 68.40% वोटिंग हुई थी।

चुनाव आयोग के वोटर टर्नआउट ऐप के मुताबिक, असम में सबसे ज्यादा 76.55% वोट डाले गए। जबकि, बिहार, गुजरात और उत्तर प्रदेश में सबसे कम 57%लोगों ने मतदान किया। वहीं, पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के भाजपा कैंडिडेट और TMC समर्थक के बीच झड़प हुई है।

यूपी के संभल में पुलिस ने लोगों पर लाठीचार्ज किया। इसमें कुछ लोग घायल हो गए। बिहार में वोटिंग के दौरान पीठासीन अधिकारी और होमगार्ड जवान की मौत हो गई है। छत्तीसगढ़ के जशपुर में मतदान करने पहुंचे एक बुजुर्ग वोटर की मौत हो गई।

### पीएम ने अहमदाबाद में वोट डाला

पीएम नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद स्थित निशान हायर सेकेंडरी स्कूल में वोट डाला। उनके साथ गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। पीएम सफेद कुर्ता-पायजामा और भगवा जैकेट पहने हुए थे। वहीं अमित शाह सफेद कुर्ता-पायजामा के साथ भगवा रंग का गमछा लिए हुए थे।

पहले फेज में 66.14% और दूसरे में 66.71% वोटिंग हुई थी लोकसभा चुनाव 7 फेज में हो रहे हैं। पहले पहले फेज में 66.14% और दूसरे फेज में 66.71% वोटिंग हुई थी। अब 13 मई, 20 मई, 25 मई और एक जून को मतदान होगा। रिजल्ट 4 जून को आएंगे।

### वोटर टर्नआउट

| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| असम | 76.55% |
| बिहार | 57.52% |
| छत्तीसगढ़ | 68.62% |
| दादर नगर हवेली अंडमान और दीव | 65.62% |
| गोवा | 74.50% |
| गुजरात | 57.15% |
| कर्नाटक | 69.43% |
| मध्य प्रदेश | 65.84% |
| महाराष्ट्र | 58.86% |
| उत्तर प्रदेश | 57.34% |
| पश्चिम बंगाल | 73.96% |
| **औसत** | **65.91%** |

# पटना, बेतिया, मोतिहारी समेत 10 जिलों में झमाझम बारिश



## गया में आकाशीय बिजली से दो मौत..10 घायल

### कई शहरों में तेज आंधी के साथ छाए बादल

**पटना,एजेन्सी।** बिहार में मंगलवार को मौसम ने करवट ली है। तेज धूप और लू से लोगों को राहत मिली है। पटना, गोपालगंज, मोतिहारी, बेतिया, सीतामढ़ी, शिवहर, बेगूसराय, गया, भागलपुर और बगहा में तेज आंधी के साथ बारिश हुई है। दिन में रात सा नजारा देखने को मिला। वहीं, गया में तीन जगहों पर आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में दो लोगों की मौत और 10 लोग घायल हो गए।मृतकों की पहचान फतेहपुर के बारा बैजदा गांव निवासी सरोज देवी और फतेहपुर के डंगरा पंचायत निवासी विश्वनाथ यादव (45) के रूप में हुई है। वहीं, घायलों में सचिन कुमार (12), सावित्री देवी (35), कमलेश कुमारी (11), लक्ष्मी कुमारी (13), विनोद कुमार (30), शिल्पा कुमारी (16), नागेंद्र मांझी (39), मुस्कान कुमारी (17), सोनम (15) और धीरज (25) शामिल हैं।

वहीं, मंगलवार की शाम पटना में मौसम का मिजाज बदला और झमाझम बारिश हुई। इस दौरान शहर के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। हालांकि, बारिश की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर बिहार के अधिकतर हिस्सों में आंधी के साथ बारिश होने के आसार हैं। इस दौरान मेघगर्जन और आकाशीय बिजली के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल सकती है।

## 16 मई को गिरिडीह जाएंगे प्रधानमंत्री

### राज्यसभा सांसद और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने तैयारियों का लिया जायजा

**गिरिडी,एजेन्सी।** गिरिडीह में 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन होने जा रहा है। जिसकी तैयारी जोर शोर से की जा रही है। गिरिडीह के बिरनी प्रखंड में प्रधानमंत्री का जनसभा होगा। मंगलवार को राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कर्णवीर सिंह एवं प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने पहुंचे और कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

**ऐतिहासिक होगी जनसभा** : राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐतिहासिक दौरा होगा, जहां लाखों की संख्या में लोग कोडरमा, गिरिडीह और हजारीबाग ही नहीं बल्कि चतरा और धनबाद समेत अन्य जिलों से लोग पहुंचेंगे और प्रधानमंत्री का जनसभा को सुनेंगे। कहा कि कार्यक्रम की तिथि तय होते हीं देश के चहेते प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए लोगों में एक अलग प्रकार की उमंग एवं उत्सुकता देखने को मिल रही है। जिसे सफल बनाने के लिए पार्टी के सभी छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है।

# लालू ने कहा- मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए

### मोदी बोले- I.N.D.I.A. के इरादे सामने आए, SC-ST, OBC का आरक्षण छीनना चाहते हैं



**पटना,एजेन्सी।** RJD चीफ लालू प्रसाद यादव ने कहा कि मुसलमानों को पूरा रिजर्वेशन मिलना चाहिए। लालू ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी संविधान और लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, ये बात जनता समझ गई है। लालू मंगलवार को एमएलसी के शपथ ग्रहण में विधान परिषद पहुंचे थे, जहां उन्होंने ये बयान दिया।

पीएम मोदी ने मध्यप्रदेश के धार में चुनावी सभा के दौरान लालू के बयान पर पलटवार किया है। मोदी ने कहा, कांग्रेस चुप है, लेकिन आज उसके एक सहयोगी दल ने INDI गठबंधन के इरादों की पुष्टि कर दी। उनके नेता जो चारा घोटाले के मामले में जेल में हैं और कोर्ट से सजा पा चुके हैं,अभी जमानत पर बाहर आए हैं। कांग्रेस ऐसे लोगों को माथे पर बिठाकर नाच रही है।

उन्होंने कहा कि मुसलमानों को आरक्षण मिलना चाहिए, सिर्फ आरक्षण नहीं, उनका कहना है कि मुसलमानों को मिलना चाहिए पूर्ण आरक्षण। इसका अर्थ क्या है? ये लोग एससी, एसटी और ओबीसी समुदाय को मिला सारा आरक्षण छीनकर मुसलमानों को पूरा आरक्षण देना चाहते हैं।

# जिनका अपना परिवार नहीं...वो क्या परिवार की बात करेंगे

### लखीसराय में मुकेश सहनी का भाजपा पर हमला; तेजस्वी ने कॉल पर संबोधित की चुनावी सभा

**लखीसराय,एजेन्सी।** वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज चुनावी सभा में लखीसराय पहुंचे, जहां उन्होंने आरजेडी उम्मीदवार कुमारी अनीता के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। मुकेश सहनी ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर जमकर निशाना साधा।

उन्होंने केंद्र सरकार पर एक बार फिर से आरक्षण और संविधान को लेकर निशाना साधते हुए कहा कि वो आरक्षण को खत्म करना चाहती है। संविधान को बदलना चाहती है। बताया कि तकनीकी कारणों से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लखीसराय नहीं पहुंच पाए। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में मायूसी रही है। हालांकि तेजस्वी ने फोन पर सभा को संबोधित करते हुए लोगों से मुंगेर लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की आरजेडी उम्मीदवार कुमारी अनीता को जिताने की अपील की। कार्यक्रम के बाद वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी ने परिवारवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिनका अपना कोई परिवार ही नहीं है, वो क्या परिवार की बात करेंगे। बीजेपी और उसके सहयोगी दलों में भी परिवारवाद है, लेकिन उस पर प्रधानमंत्री कोई बात नहीं करते हैं।




# बैठक में चुनाव की तैयारियों और चुनावी अभियान पर हुई मंत्रणा

## रुडी ने कहा- सारण का हर कार्यकर्ता, हर बूथ पर कमल खिलाकर जीत के लिए संकल्पित

*देश में 400 पार के साथ प्रधानमंत्री की विकसित भारत की संकल्पना होगी पूरी*

*यह चुनाव कोई पार्टी नहीं लड़ रही बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है*

*भ्रष्टाचार बनाम राष्ट्रवाद और परिवारवाद बनाम विकासवाद का है चुनाव*

*बैठक में गरखा के पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता हुए शामिल*

*इस बार सारण जीत का नया कीर्तिमान स्थापित करेगा*



**दैनिक खोज खबछपरा।** सारण लोकसभा क्षेत्र में चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने के लिए भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान सांसद राजीव प्रताप रुडी का जनसंपर्क के साथ ही कार्यकर्ताओं के साथ बैठकों का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में मंगलवार को गरखा विधानसभा क्षेत्र के सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। देर सायं हुई बैठक में भाजपा प्रत्याशी रुडी के साथ भाजपा के लोकसभा प्रभारी सह प्रदेश महामंत्री जगन्नाथ ठाकुर भी मौजुद थे। निवर्तमान सांसद सह भाजपा प्रत्याशी रुडी ने बैठक में लोकसभा चुनाव की तैयारियों के साथ-साथ चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से चलाए जा रहे अभियानों की प्रगति की समीक्षा भी की। चुनाव के मद्देनजर पार्टी की ओर से आगामी अभियानों की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श किया। रुडी ने कहा कि हर कार्यकर्ता साथी हर बूथ पर कमल खिलाकर सारण लोकसभा क्षेत्र में लगातार तीसरी बार बड़ी जीत दर्ज कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के संकल्प में अपनी हिस्सेदारी सुनिश्चित करने का प्रण ले चुके है। बैठक में सारण लोकसभा क्षेत्र की सभी 6 सीटें जीतने का संकल्प दुहराया गया। एनडीए के सभी सहयोगी दलों के कार्यकर्ताओं ने चुनाव में पूरी ताकत झोंकने की बात कही। रुडी ने कहा कि लोकसभा चुनाव एनडीए के सभी घटक दाल पूरी मजबूती के साथ लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में जनता एक बार फिर मोदी सरकार बनाने को संकल्पित है। जनता के आशीर्वाद से पिछली बार की तरह इस बार भी लोकसभा क्षेत्र की सभी विधानसभाओं में राजग की बड़ी जीत होगी। रुडी ने कहा कि सारणवासी भी फिर एक बार मोदी सरकार बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर चुके है। बैठक में सांसद ने कहा कि जिस प्रकार लगातार दो बार से सारण से भाजपा के जीत का अंतर भारी मतों से बढ़ता जा रहा है उसी प्रकार इस बार भी सारण जीत का इतिहास रचेगा और रिकार्ड मतों से जीत होगी। बैठक में सांसद ने अपने कार्यकाल में सारण में हुए लोक कल्याणकारी कार्यों से सभी कार्यकर्ताओं को पूरी जानकारी दी। उन्होंने सारण में कार्यान्वित गैस पाइपलाइन, नमामि गंगे - छपरा सोनपुर, एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट, काली घाट सोनपुर, शेरपुर दिघवारा पुल, पावर ग्रिड रसूलपुर, डबल डेकर छपरा, दीघा सोनपुर सिक्स लेन ब्रिज, बाकरपुर-डुमरियाघाट 4 लेन एक्सेस कंट्रोल हाईवे, गरखा, परसा, अमनौर, टेकनिवास-मांझी तक रिविलगंज बाईपास, मकेर-रेवा घाट पर नया पुल, बाकरपुर-दरिहारा-वैशाली-साहेबगंज रोड, 6 लेन का छपरा बाईपास, रिविलगंज बिशुनपुरा बाईपास, हसनपुर बनिया-सगुनी तटबंध, 400 केवी के लिए सुपर ग्रिड, दिघवारा-बेला-बिदुपुर पटना नॉर्थ रिंग रोड, सेप्टेज प्रबंधन कार्यक्रम (एसएमपी), दिघवारा, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम, छपरा आदि लगभग 38 हजार करोड़ की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।

# तेजस्वी की हालत केजरीवाल और सोरेन जैसी होगी : विजय सिन्हा




**बेगूसराय ,** । बेगूसराय में उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के बाद तेजस्वी यादव के कार्यकाल में किए गए कामों की जांच कराई जाएगी। उपमुख्यमंत्री और पांच विभाग के मंत्री रहते हुए तेजस्वी यादव ने बड़ी गड़बड़ी की है। विजय सिन्हा ने कहा कि अगुवानी घाट पुल ध्वस्त होने के मामले में तेजस्वी ने गड़बड़ी की थी। उस पर कार्रवाई करने के बदले माल लेकर लीपापोती कर दी। लोगों ने इसकी शिकायत की है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराएंगे। ऐसे भ्रष्ट कार्यों से जो अकूत संपत्ति अर्जित की गई है, चुनाव के बाद उसकी जांच होगी। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा था हम बख्शेंगे नहीं, इसलिए वह लोग भयभीत हैं।जिनको इन्होंने प्रमोशन दिया, जिसे इन लोगों ने प्रभावित होकर बढ़ाने का कार्य किया है, वह बख्शे नहीं जाएंगे। अकूत संपत्ति बनाने का काम किया है। पीएचईडी विभाग के 1100 टेंडर हमने एक बार में रद्द करने का आदेश दे दिया है। बालू माफिया पर शिकंजा कसने का आदेश दिया है, चुनाव के बाद इसका असर दिखाई देने लगेगा। विजय सिन्हा के बयान पर राजद ने पलटवार करते हुए कहा है कि सबको पता है नीतीश जी के नेतृत्व में मंत्री काम कर रहे थे। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि इनकी भी वही दशा होगी जो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की हुई है। जिसने जनता की गाढ़ी कमाई लूटी है, उसकी दुर्दशा तय है।

विजय सिन्हा ने आगे कहा कि बड़बोले पिता के बड़बोले पुत्र झूठ और भय का वातावरण बना रहे थे। उन्होंने कहा था कि हम नियुक्ति के लिए चिंतित हैं, रोजगार के लिए चिंतित हैं, लेकिन बिहार के लोग बेरोजगार हो गए। पांच विभाग के मंत्री थे, कुछ नहीं कर पाए। पांचों विभाग के अंदर एक भी नियुक्ति नहीं की। उन्होंने कहा कि बिहार के अंदर चुनाव को लेकर उत्साह है। मुंगेर और खगड़िया भ्रमण में लोगों का एनडीए के प्रति स्पष्ट रुझान दिखा। बेगूसराय में लोगों का उत्साह दिख रहा है।यह उत्साह बिहार की अराजकता को खत्म करेगा। उन लोगों ने बिहार के अंदर एक नकारात्मक वातावरण बनाया था। अपराध और भ्रष्टाचार को संरक्षित करने का माहौल बनाया था। अपराधियों को टिकट देकर अपराध को फलने-फूलने का संकेत दिया है, उसका जवाब बिहार की जनता पूरी ताकत से देगी। राजद की मानसिकता जंगल राज की है, उसका जवाब बिहार की जनता वोट के माध्यम से देगी।तेजस्वी यादव के भाजपा को झूठा पार्टी कहने और प्रधानमंत्री पर जनता को ठगने का आरोप लगाए जाने पर विजय सिन्हा ने कहा है कि लोग कहते हैं कि वे राजा हरिश्चंद्र के खानदान से हैं। इनकी बातें लोगों को समझ में आती है, चपरासी क्वार्टर में रहने वाले महलों के राजा बन गए। ईडी और आईटी पूछने लगा तो कहने लगे कि पूछने वाले भाजपा के जमाई हैं, वे भाजपा के जमाई नहीं मां भारती के संतान हैं, जिन पर भाजपा को गर्व है।विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तेजस्वी यह नहीं बता पाते हैं कि इनके यार कौन हैं। आतंकवाद, उग्रवाद और भ्रष्टाचार। वह कितने सत्य बोलते हैं कि लोग कोई गंभीरता से नहीं लेता है। प्रधानमंत्री पर जिस तरह के शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं, वह शब्द का अर्थ भी वो समझ नहीं पाते हैं।बिहार की जनता इनके बारे में जानती है। जनता की गाढ़ी कमाई लूटकर 100 लोगों की टीम बनाई गई है, जो लिख कर देता है वही बोलते हैं।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव जैसे लोगों की सच्चाई यही है कि सोने के चम्मच लेकर जन्म लेकर चार्टर विमान में केक खाने वाले लोग हैं। पूरी तरह से असत्य बात करते हैं, भ्रमित करते हैं।

## भूमि विवाद में पिता पुत्र जख्मी

**परसा(सारण)** प्रखंड के अंजनी सिकट्टी में पूर्व से चल रहे पटीदारी भूमिविवाद को लेकर गांव से मकेर दूध देने जा रहे युवक को पटीदारो ने ईट पत्थर व भला से वार कर बाप बेटा को जख्मी कर देने का मामला प्रकाश में आया है । मामला सुबह ग्यारह बजे की है ।जख्मी अंजनी सिकट्टी निवासी उमेश राय व पुत्र बबलू राय बताए गए है । घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा जख्मी बाप बेटा को इलाज के लिए परसा सीएचसी लाया गया।सूचना स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच घटना की विस्तृत जानकारी ली। जख्मी उमेश राय ने पुलिस को बताया कि बाइक से मकेर दूध देने जा रहे थे कि घर से कुछ ही दूरी पर मेरे चारो भाई कांग्रेस राय,सुनील राय,सुधीर राय,राजू राय सभी ने अपनी पत्नी के साथ मिलकर ईट, रोड़ा पत्थर से मारने लगा जब विरोध किया तो भाई राय ने भला से सीने में वार कर जख्मी कर दिया। थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि प्राथमिकी के आधार पर पुलिसिया करवाई तेज कर दी गई है।

## महिला हत्या का मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**एकमा (सारण)।** थाना क्षेत्र के पचुआ पंचायत के गंगवा गांव में पिछले शनिवार को पड़ोसियों द्वारा एक 60 वर्षीय महिला की हत्या के मुख्य आरोपित को एकमा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।बताया जाता है कि उक्त महिला की हत्या मामले के मुख्य आरोपित मंटू महतो को एकमा बाजार से पुलिस ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह किसी दूसरे शहर में भागने के फिराक में था। बताया गया है कि गिरफ्तार अभियुक्त पर धारदार हथियार से सिर पर मार कर 60 वर्षीय महिला शिवपति कुंवर की हत्या करने का आरोप है। बताते हैं कि आरोपित अभियुक्त मंटू महतो को एकमा पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर थाने लाकर आवश्यक पूछताछ कर रही है। विधिक कार्रवाई के बाद बुधवार की सुबह पुलिस आरोपित को जेल भेजने की कार्रवाई करेगी।उल्लेखनीय है कि महिला की हत्या के दौरान बचाव के लिए पहुंची उसकी पुत्री चंदा कुमारी को भी मारपीट कर घायल कर दिया गया था। जिसका उपचार अस्पताल में कराया गया था।

## बाइक दुर्घटना में माता-पित व बेटी घायल

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के एकारी गांव के समीप बाइक के अचानक अनियंत्रित होकर पलट जाने से पति-पत्नी व बेटी घायल हो गये। बताया जाता है कि बनियापुर गांव के मंतोष महतो बाइक से अपनी पत्नी संजु देवी व बेटी आकांक्षा कुमारी के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होने के लिए जा रहा था। इसी दौरान उनकी बाइक एकारी गांव के समीप अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई और बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गये। बताया जाता है कि तीनों घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. आयुषमान कुमार ने बताया कि तीनों घायल खतरे से बाहर हैं।

## सारण लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे राजद कार्यकर्ता

**दैनिक खोज खबर/परसा(सारण)।** प्रखंड क्षेत्र के चंदपुरा पंचायत स्थित मुखिया संघ अध्यक्ष अभय कुमार उर्फ गुड्डू राय के आवास पर लोकसभा चुनाव को लेकर राजद पार्टी की प्रखंडस्तरीय बैठक की गयीं।बैठक में सारण लोकसभा चुनाव में प्रत्येक बूथ व वार्ड स्तर पर चुनाव जीतने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में प्रखंड के सभी वार्ड सदस्य,पंचायत प्रतिनिधि व बूथ लेबल कार्यकर्ता शामिल हुए।बैठक को संबोधित करते हुए राजद नेता सुधांशु रंजन ने लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी प्रसाद यादव का संदेश घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया।वही रोहतास एमएलसी अशोक पांडे ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर महागठबंधन का कब्जा होगा और मोदी एवं नीतीश सरकार को जनता बाहर का रास्ता दिखाएगी,क्योंकि जुमलेबाज नरेन्द्र मोदी एवं पलटूराम नीतीश कुमार की गरीब-किसान-मजदूर विरोधी नीति को जनता पहचान चुकी है।मौके राजद नेता सह मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय ने बताया कि सभी बूथों को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया और प्रत्येक बूथ से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया गया।साथ ही बैठक में कार्यकर्ताओं को पार्टी के नीति और सिद्धांतों को गांव-गांव तक पहुंचाने की जिम्मेवारी सौंपी गई।इस दौरान राजद जिलाध्यक्ष बाढ़ नीरज कुमार सिंह,जिलापार्षद विनोद राय,मुखिया संघ अध्यक्ष अभय कुमार उर्फ गुड्डू राय,मुखिया प्रतिनिधि सुनील राय,राजेश राय,मो आशिफ असलम,पूर्व जिलापार्षद नन्दकिशोर राय उर्फ नन्दू राय,भूषण राय,नितेश कुमार,संजय कुमार,बिंदु राय सहित कई कार्यकर्ता व वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## भूमि विवाद में हुई मारपीट में आठ लोग घायल

**एकमा (सारण)।** भूमि विवाद को लेकर एकमा पुलिस सर्किल क्षेत्र के वनपुरा गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में तीन महिलाओं समेत आठ लोग घायल हो गए। बताया जाता है कि कहासुनी व हाथापाई के बाद दोनों पक्षों के बीच अचानक लाठी डंडे से मारपीट शुरू हो गयी। हल्ला होने पर गांव के लोगों ने पहुंचकर किसी तरह मामले को शांत कराया.इस मारपीट में सत्यनारायण पंडित, कलावती देवी, सुरेश पंडित, जिउत पंडित, ऋतु कुमारी, इन्द्रावती देवी, मोहित पंडित समेत आठ लोग घायल हो गये। इस संबंध में बताया जाता है कि निजी वाहन से सभी घायलों को लाकर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्राथमिक उपचार कराया गया. इस संबंध में रसूलपुर थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## जमीन बंटवारे को लेकर परिवार में मारपीट, 9 घायल

**शेखपुरा ,** शेखपुरा के सदर प्रखंड स्थित हथियावा थाना क्षेत्र के दुल्लापुर गांव में दुबारा जमीन बंटवारे की बात पर भाइयों के बीच मारपीट हो गई। घटना में वृद्ध मां सहित दोनों पक्ष के 9 लोग घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को ग्रामीणों ने सदर अस्पताल शेखपुरा में भर्ती कराया। वहीं घायलों की पहचान एक पक्ष से अनारवा देवी, प्रमोद यादव, रेणु देवी और ब्रह्मदेव यादव के रूप में की गई। जबकि दूसरे पक्ष से सुग्गन यादव, चंपा देवी, सोनू कुमार, कौशल कुमार और अशोक यादव का नाम शामिल है। घटना की सूचना पर हथियावा थाना के एसआई विनय कुमार सिंह घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि घायल अनरवा देवी के तीन बेटों के बीच आपसी बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। इसमें एक तरफ से प्रमोद यादव की पत्नी रेणु देवी और दूसरी ओर से सोनू कुमार ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घायल प्रमोद यादव ने कहा कि तीनों भाइयों के बीच 20 साल पहले भूमि को लेकर बटवारा हो गया था। अब परिवार के लोग फिर से बटवारा करने के लिए दबाव बना रहे है। इसलिए लड़ाई हो गई।



## प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए पटना हाई कोर्ट ने लिए 22 मई का तारीख का निर्धारण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** पंचायत समिति के प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर विचार के लिए पटना हाई कोर्ट ने 22 मई का तारीख का निर्धारण किया है?। मामले में याचिकाकर्ता द्वारा दायर किए गए याचिका को सही ठहराते हुए निर्देशित किया है। चीफ जस्टिस के. विनोद चंद्रन की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। इसकी जानकारी याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रौशन के द्वारा दी गई है। बीते दिनों मढ़ौरा प्रखंड प्रमुख गायत्री देवी पटना हाई कोर्ट में एक याचिका दायर कर खूद के विरुद्ध लाए गये अविश्वास प्रस्ताव को चुनौती दी थी। मामले में हाई कोर्ट की एकलपीठ ने सारण के जिलाधिकारी को इस मामले को देखने और बीडीसी के प्रत्येक सदस्य का शपथ पत्र लेने का आदेश पारित किया गया था। एकलपीठ द्वारा पारित इस आदेश को लेकर विरोधी बीडीसी गुट से नीतू कुमारी व अन्य ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता नीतू कुमारी व अन्य के अधिवक्ता रौशन ने बताया की बिहार पंचायत राज अधिनियम 2006 की धारा 44(3)(ह्व) में यह स्पष्ट अंकित है कि प्रमुख पर लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बीडीसी सदस्यों की बैठक बुला कर अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला लिया जाता है। अधिवक्ता रौशन ने यह भी बताया की जिलाधिकारी को अविश्वास प्रस्ताव में फैसला लेने का अधिकार नहीं है। पंचायत समिति की बैठक बुला कर ही अविश्वास प्रस्ताव पर कोई भी फैसला लिया जा सकता है। अधिवक्ता रौशन ने बताया की इसके पहले अंतरिम आदेश से प्रमुख के वित्तीय निर्णय पर रोक लगाया गया था और अब मंगलवार की सुनवाई में याचिका को मंजूरी दे दी गई है ।



# महागठबंधन प्रत्यासी रोहणी आचार्य ने दिघवारा के कई गांवों में किया रोड शो

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा।** सारण लोकसभा क्षेत्र से महागठबंधन प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने मंगलवार को सोनपुर विधानसभा के दर्जनों गांव में रोड शो किया तथा जनता जनार्दन का आर्शीवाद लिया।महागठबंधन प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने रोड शो की शुरुआत दिघवारा प्रखंड के बरुआ गांव से की जहाँ महादलित बस्ती के पास सैकड़ो पुरुष व महिलाओं ने फूल माला से रोहिणी आचार्य का भव्य स्वागत किया।वहां पहुंचने पर रोहिणी आचार्य ने सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण किया।इसके बाद वहां उपस्थित सैकड़ो महिलाओं से गवईं अंदाज में अपने लिए जीत का आशीर्वाद मांगा।इस दौरान उन्होंने कहा की कोई के भी दूसर के झांसा में नईखे आवे के रउआ लोग आपन बेटी समझ के हमरा सर पर हाथ रख के आशीर्वाद दिहिं, हम वादा करत बानी की जितला के बाद रउआ लोग के हर सुख दुःख में साथ खड़ा रहम।बरुआ गांव के बाद रोहिणी आचार्य का काफिला त्रिलोकचक,रघुनाथपुर ककढ़ियाँ, श्रीनगर,गोसाईपुर,टरवा,पगुराहा,कुरैया, बभनगाँवा,शोभेपुर,विशुनपुर,पुरुषोतिमपुर, अहिमनपट्टी, कनकपुर,केशरपुर होते हुए दरियापुर प्रखण्ड के अकबरपुर,शेखटोला होते हुए बस्तिजलाल गाँव में रोड शो कर लोगो से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।रोड शो के दौरान जगह जगह रोहणी आचार्य का स्वागत किया गया।इस दौरान एमएलसी सुनील सिंह, जिला परिषद प्रतिनिधि सुमन यादव,राजद नेता कामेश्वर राय, अनिल सिंह,अमरजीत राम,विन्देश्वरी पासवान,पूर्व मुखिया उमेश राय,मनीष कुमार,लालू राय,सतीश बैठा आदि मौजूद थे।



## लोकसेवा आश्रम सोनपुर में आज मनाया जाएगा भगवान सूर्य व शनिदेव का महोत्सव

**सोनपुर।** लोक सेवा आश्रम प्रांगण में आज मनाया जाएगा भगवान सूर्य और शनिदेव की स्थापना के तीसरा महोत्सव ।इस कार्यक्रम में बुधवार को सुयोग्य ब्राह्मणों द्वारा सुन्दरकाण्ड का पाठ किया जायेगा। इस बात की जानकारी आश्रम के महंत सह उदासीन महामंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संत शिरोमणि विष्णु दास उदासीन उर्फ मौनी बाबा ने मंगलवार को दी। उन्होंने कहा कि बिहार सहित अन्य प्रांत के साधु संत, महात्मा, तपस्वी के साथ - साथ विभिन्न जिले से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आने की स्वीकृति मिल चुकी है तो कुछ लोग पहुंच भी गये है। मौनी बाबा ने बताया कि आश्रम के चारो स्तंभ सर्वश्री अनिल कुमार सिंह, हरिमोहन राय, नित्यानन्द सिंह तथा अजय कुमार के साथ साथ आश्रम के विधि सलाहकार विश्वनाथ सिंह अधिवक्ता, अभय कुमार सिंह अधिवक्ता, सुनिल कुमार यादव, संजीत कुमार पत्रकार कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सक्रिय है। इस महोत्सव को लेकर पिछले सोमवार से आश्रम में चहल पहल बढ़ गया है। कार्यक्रम सुबह से देर शाम तक चलता रहेगा।बाबा द्वारा सोनपुर नगर पंचायत के साथ सबलपुर ,शाहपुर,भरपुरा ,बैजलपुर,दमोदपुर,पहलेजा,खरिका,कसमर गाँव के साथअन्य गाँव के अलावा सारण, हाजीपुर,वैशाली,मुजफ्फरपुर,पटना ,नालंदा आदि जगहों पर आश्रम के जितने भक्त हैं सब को आमंत्रित किया गया है। मालूम हो कि आश्रम में वर्ष 2022 में 8 मई को ही सूर्य भगवान और शनिदेव का मंदिर बना कर मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा किया गया ।जब से यह उपरोक्त भगवान का मंदिर बना है तब से आश्रम में भक्तो का आना जाना तथा चहल पहल बढ़ गया है । यहां शनिवार को शनिदेव का भोग खिचड़ी से तथा रविवार को सूर्य भगवान को भोग तसमई से लगाया जाता हैं। उन दिनों महा आरती के बाद महा प्रसाद का वितरण किया जाता हैं।

## मतदान केंद्रों पर चुनाव को लेकर डीडीसी और बीडीओ ने किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** सारण डीडीसी प्रियंका रानी ने बंगरा मख्तब ,बली विशुनपुरा,कोड़राव और सामुदायिक भवन देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मशरक, कर्मचारी भवन और प्राथमिक विद्यालय गोपालवाड़ी का बीडीओ पंकज कुमार ने लोकसभा चुनाव को लेकर निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को लेकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया गया जहां तैयारी चरम पर है। निरीक्षण के दौरान मतदान केन्द्रों पर पेयजल,बिजली, शौचालय व दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प समेत अन्य कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कार्यरत रसोईया को मतदान कर्मियों के भोजन व्यवस्था सुनिश्चित करने को विधालय के प्रधानाचार्य को निर्देश दिया गया है। इसके लिए प्रधानाचार्य रसोईया को पहचान पत्र और जिस मतदान केंद्र पर ड्यूटी लगानी हैं उस मतदान केंद्र का संख्या अंकित करना है।

## छापेमारी में देशी व विदेशी शराब बरामद

माँझी(सारण)। माँझी थाना पुलिस ने दो अलग स्थानों पर छापेमारी करके लगभग 12 लीटर अंग्रेजी शराब तथा लगभग 400 लीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने थाना क्षेत्र के बलिया मोड़ पर एएसआई योगेन्द्र भगत एवम उत्पाद विभाग के एएसआई अनिल साह के नेतृत्व में वाहन चेकिंग के दौरान दो युवकों को रोककर उनके बैग की तलाशी की तो एक के बैग से ग्रीन लेबल विस्की 180 एमएल अंग्रेजी शराब 61 पीस तथा दूसरे के बैग से एट पीएम प्रीमियम अंग्रेजी शराब की पाँच बोतल बरामद की गई। गिरफ्तार दोनों युवक क्रमशः हाजीपुर नगर थाना क्षेत्र के नौरंगाबाद गाँव निवासी सत्यनारायण सिंह के पुत्र सोनू कुमार तथा नगर थाना क्षेत्र के ही दिग्गी कला निवासी मोतीलाल सिंह के पुत्र दीपक कुमार बताए जाते हैं। पुलिस ने दोनों तस्करों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। उधर थानाध्यक्ष अमित कुमार राम के नेतृत्व में पुलिस ने थाना क्षेत्र के भभौली के समीप दियारा क्षेत्र में छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी शराब बरामद किया है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में अर्धनिर्मित देशी शराब नष्ट कर दी तथा देशी शराब बनाने वाली सामग्री भी जब्त कर ली है तथा कारोबारियो को चिन्हित कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। आसन्न लोकसभा चुनाव पूर्व माँझी थाना पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से शराब तस्करों व कारोबारियों में हड़कम्प ब्याप्त है।

## सोनपुर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल 6 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

### सोनपुर पुलिस ने अवैध बालू लदे चार ट्रक को किया जप्त,3 चालक को किया गिरफ्तार

**सोनपुर ।** सोनपुर पुलिस ने एससी/ एसटी एक्ट के मामले में तीन जबकि अवैध बालू बिक्री करने के मामले में तीन कुल 6 लोगों को गिरफ्तार करते हुए छपरा जेल मंगलवार को भेज दिया है ।इस बात की जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनन्दंन ने मंगलवार को बताया कि सोनपुर थाना क्षेत्र के एन एच 19 शिव वचन सिंह चौक के पास अवैध रूप से बालू लेकर बिक्री करने के लिए हाजीपुर की ओर ट्रक चालक जा रहा था। जहां वाहन चेकिंग के दौरान चार ट्रक को जप्त करते हुए मौके पर तीन ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया जबकि पुलिस के देखते ही एक ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर फरार हो गया जहां पुलिस ने तीन ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया तो वहीं दूसरी ओर एससी एसटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि जेल भेजे गए अवैध बालू बिक्री करने के मामले में ट्रक चालक दीप राज उर्फ दीपक पिता कपिन्दर राय सा0 रामनगर टोला थाना करताहा जिला देशाली , पंकज कुमार पिता स्व0 सरखी चंद राय सा0 इमादपुर थाना बलीगाँव जिला वैशाली, रंजीत कुमार पिता हनुमान राय सा0 गहुआ जिला वैशाली । जब कि एसी एसटी एक्ट के मामले में विशाल राय पिता मोहन राय , निशुराय पिता मोहन राय राहुल राय पिता राकेश राय तीनो साकिन सेमरा ( कल्याणपुर ) थाना सोनपुर जिला सारण के निवासी को जेल भेज दिया गया ।

## सारण से दो सदस्य बिहार हैंडबॉल संघ में चयनित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** बिहार हैंडबॉल संघ में सारण के बनियापुर निवासी सारण विधान पार्षद ई सच्चितानंद राय के चैयरमेन और मशरक के बड़हिया टोला गांव निवासी संजय कुमार सिंह के उपाध्यक्ष पद पर चयनित होने पर खुशी की लहर दौड़ पड़ी, वहीं बड़हिया टोला गांव में ग्रामीणों ने बधाई दी और मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। आपकों बता दें कि बिहार हैंडबॉल संघ के 22 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन हुआ है। चुनाव में बिहार ओलम्पिक संघ के रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में एडवोकेट शारदा कुमार ने भाग लिया।



## संपत्ति विवाद में चाकू मार सहोदर भाई पर जानलेवा हमला

### एसपी के निर्देश पर प्राथमिकी दर्ज

**रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में संपत्ति की विवाद में सहोदर भाई ने बड़े भाई को चाकू मारकर घायल दिया।इस संबंध में एसपी के निर्देश पर आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई है।दर्ज प्राथमिकी में कौशलेन्द्र मिश्रा ने अपने अनुज धर्मेन्द्र कुमार मिश्रा को आरोपित करते हुए कहा हि कि मैं राजस्थान में रहता हूं और एक मंदिर के पुजारी का काम करता हूं। जब मैं घर आया तो मेरे घर का ताला टूटा हुआ था मैने अपने भाई से ताला क्यों तोड़ने को पूछा तो गाली-गलौज कर चाकु से जानलेवा हमला कर दिया।पीड़ित ने घर का ताला तोड़कर बाईस हजार रूपये समेत लगभग एक लाख रूपये की ज्वेलरी चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की तहकीकात में जूटी है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के दुरगौली नहर पर रात्रि में एक अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। घायलों को ग्रामीणों तथा 112 की टीम के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मशरक में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ संजय कुमार ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। घायल की पहचान गनौली गांव निवासी स्वर्गीय सत्येंद्र सिंह का दो पुत्र अभिनाश कुमार उर्फ बिकु कुमार तथा अमित कुमार के रुप में हुई है।

## चोरी के बाइक के उपयोग करते हुए एक युवक को नायगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** एक चोरी के बाइक खरीद का उपयोग करते हुए एक युवक को नयागांव पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने मंगलवार को बताया कि गिरफ्तार पिंटू कुमार पिता अनिल प्रसाद घर अकिलपुर थाना अकिलपुर है। वह थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिंगलपुर दियारा क्षेत्र में चोरी के बाइक खरीद कर उपयोग कर रहा था । जिसे गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर बाइक को जप्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया है।

## विदेश में जॉब के नाम पर धोखाधड़ी, साइबर अपराधी चालाकी से भेज रहे लिंक, क्लिक करते ही पूरा अकाउंट मिनटों में खाली

**भागलपुर, ।** विदेशों में विभिन्न कंपनियों में बेहतर जॉब दिलाने का झांसा देने वाले साइबर ठग जॉब दिलाने के नाम पर लिंक भेज झटके में खाता खाली कर दे रहे हैं। बीते एक साल में साइबर शातिर दो दर्जन से अधिक पढ़े-लिखे लोगों के बैंक खाते से लाखों का चूना एक झटके में लगा चुके हैं।साइबर ठगी के शिकार लोगों में एमबीए की छात्रा, मेडिकल प्रोफेशनल, इंजीनियर आदि भी शामिल हैं। जरा भी ऐसे अनचाहे मैसेज या लिंक को टच किया नहीं कि आपके साथ साइबर फ्रॉड हो सकता है। जोगसर थानाक्षेत्र के हनुमान नगर की रहने वाली एमबीए की छात्रा अंशिका प्रिया से नौकरी के नाम पर खाते से एक लाख 75 हजार रुपये की साइबर ठगी एक झटके में कर ली गई। घटना की बाबत छात्रा अपने मौसेरे भाई निशांत के साथ जोगसर थाने में 15 फरवरी 2024 की शाम शिकायत की थी। छात्रा बेंगलुरु में रहकर एमबीए की पढ़ाई कर रही थी। वहां से वह भागलपुर स्थित हनुमान नगर स्थित मौसी के यहां आई थी। इस दौरान उसके मोबाइल पर एक यूएस की कंपनी में नौकरी का अवसर बता लिंक भेजा गया था। जिसे क्लिक करते ही उसके खाते से एक लाख 75 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। 22 दिसंबर 2023 को साइबर शातिर ने इस बार स्त्री रोग विशेषज्ञ वीणा सिन्हा के खाते से छह लाख 35 हजार रुपये का चूना लगा दिया था। साइबर ठगी की जानकारी पर डा.सिन्हा के पुत्र सत्यशील कुमार ने जोगसर थाने में केस दर्ज कराया था। अब तक मामले में पुलिस को कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी है। एक दिसंबर 2023 को सुबह नौ बजे इंटरनेट बैंकिंग को ओपन किया। इंटरनेट बैंकिंग खोलने के तुरंत बाद चार चरणों में छह लाख 35 हजार रुपये की निकासी कर ली गई थी। नाइजीरियन फेसबुक फ्रैंड सारा मोंबाटा ने 27 दिसंबर को साइबर ठगी को अंजाम देते हुए बेंगलुरु के बनसंकरी इलाके में रहने वाले इंजीनियर राकेश अग्रवाल को 80 हजार रुपये का चूना झटके में लगा दिया था। मामले में अब तक पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है।

# पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध शराब जमीन खोद निकाला, प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार के शाम घोघिया गांव में अवैध शराब के भंडारण एवम बिक्री को लेकर छापेमारी की। पुलिस वाहन देख कारोबारी भाग निकले। पानी टंकी के पास अवस्थित बंसवाड़ी में पुलिस ने शराब खोजबीन शुरू की गढ़े में मिट्टी एवम खर पतवार से ढका शराब का जखीरा मिला। ग्रामीणों की उपस्थिति में पुलिस ने 13 कार्टन में 624 बोतल ऑफिसर च्वाइस फ्रूटी पैक, रॉयल स्टेज एवम इंपीरियल ब्लू 47 बोतल, पॉलिथिन दारू 121 कुल 792 बोतल में 16935 लीटर शराब जब्त किया। ग्रामीणों से पूछताछ पर कारोबारी बीटू सिंह पिता तारकेश्वर सिंह, रवि पासवान पिता राजेश पासवान दोनो घोघीया निवासी सोनू सिंह पिता रामनाथ सिंह शेखपुरा मशरक तथा जितेंद्र साह पिता स्व विश्वनाथ साह ब्राहिमपुर ओझा पट्टी को आरोपित कर शराब भंडारण एवम बिक्री करने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की। थानाध्यक्ष धनंजय राय के निर्देश पर छापेमारी दल का नेतृत्व पुअनि रमेश कुमार ने किया। इधर लोकसभा चुनाव के दौरान भारी मात्रा में शराब बरामद होने से चर्चा का बाजार गर्म है ग्रामीणों ने बताया कि मशरक में उत्पाद थाना खुलने के बाद भी शराब पर लगाम नहीं है।



## रंगदारी को ले मारपीट करने के मामले में नौ नामजद

**बसंतपुर (सिवान)** – थाना क्षेत्र के सिपार निवासी जमादार प्रसाद ने थाना में आवेदन देकर नौ लोगों पर रंगदारी नहीं देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि पांच मई को अपनी जमीन ट्रैक्टर से ईंट गिरा रहा था तभी गांव के गांव के ही सुरेंद्र प्रसाद, विनय कुमार, अशोक कुमार सहित नौ लोग आकर 50 हजार रुपये रंगदारी मांगने लगे तथा बोले कि बिना रुपये नहीं दिए मकान नहीं बनने दिया जाएगा। इसका विरोध करने पर उक्त लोगों ने मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने पर कई लोग घायल हो गए।

## नशे में मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप

**बसंतपुर (सिवान)** – थाना क्षेत्र के धनौवा निवासी सुनील राम की पत्नी मधु देवी ने थाना में आवेदन देकर अपने देवर प्रदीप कुमार समेत दो लोगों पर मारपीट कर सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। आवेदन में कहा है कि 25 अप्रैल को मैं अपनी दरवाजे पर बैठी थी तभी मेरा देवर प्रदीप राम शराब के नशे में आकर गाली गलौज करने लगा, मना करने पर प्रदीप राम तथा उनकी पत्नी नेहा देवी मारपीट कर गले से सोने की चेन छीन लिए। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मारपीट मामले में तीन के विरुद्ध प्राथमिकी

**भगवानपुर हाट (सिवान)** – थाना क्षेत्र के भेड़वनिया निवासी कैलाश महतो ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही सलेहर महतो, नीरज महतो और सोना देवी के विरुद्ध मारपीट की प्राथमिकी कराई है। थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने बताया कि प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## मारपीट में युवक घायल

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** – थाना क्षेत्र के बाला गांव में मंगलवार को आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। घायल का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। घायल की पहचान रामायण राय के रूप में हुई है।

## घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप

**हसनपुरा(सिवान)** – एम एच नगर थाना क्षेत्र के हसनपुरा पवड़िया निवासी खेदन अंसारी की पत्नी समीउन निशा ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही गोल्डेन पवड़िया, बबलू पवड़िया, अफसर पवड़िया व फेंकू पवड़िया पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि चार मई की शाम अपने दरवाजे पर बैठी थी तभी उक्त लोगों ने नशे में आकर मारपीट की घटना को अंजाम दिया।

## रंगदारी नहीं देने पर मारपीट

**हसनपुरा(सिवान)** – एम एच नगर थानाक्षेत्र के पवड़िया मोहल्ला में पांच मई को दो लाख रुपये रंगदारी नहीं देने पर कुछ लोगों ने एक व्यक्ति के साथ मारपीट की। इस मामले में पीड़ित मोहिउद्दीन आलम ने थाना में आवेदन देकर गांव के ही अलाउद्दीन पवड़िया, वसीम पवड़िया, खुर्शेद पवड़िया, नेसार पवड़िया, अफसर पवड़िया, मुबारक पवड़िया, जमशेद पवड़िया, अमन पवड़िया व कैफ पवड़िया सहित 20 लोगों को आरोपित किया है। थानाध्यक्ष मिहिर कुमार ने बताया कि लिखित आवेदन के अनुसार प्राथमिकी कर मामले की जांच की जा रही है।

## समर्पण का नाम भक्ति – प्रमोद कृष्ण

**हसनपुरा (सिवान)** – प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल गांव स्थित मां काली सह दुर्गा मंदिर के प्रांगण में चल रहे भागवत कथा के छठे दिन सोमवार को वृंदावन से पधारे कथावाचक प्रमोद कृष्ण दास महाराज ने बताया कि भगवान की भक्ति का अर्थ केवल घंटों बैठकर पूजा करना नहीं है। अपितु पूजा ना करके सिर्फ परमात्मा को मन से भरते हुए उन पर श्रद्धा विश्वास और समर्पण रख देने से ही सच्चा भक्ति प्राप्त हो जाती है। सामान्य लोगों को लगता है कि भक्ति करने से आध्यात्मिक जीवन अच्छा होता है। किंतु श्रीमद्भागवत में वर्णन आता है कि भगवान की भक्ति करने से आप प्रेम करना सीखते हैं। साथ ही उन्होंने विश्वास के विषय में बताते हुए कहा कि भक्ति में विश्वास होने की वजह से भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया था। वहीं कथा विश्राम के समय भगवान के द्वारिका गमन के साथ भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी का विवाह उत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा में उपस्थित श्रद्धालुओं ने मधुर भजनों को सुन थिरकने से खुद को रोक नहीं सके। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## विभिन्न गांव में चलाया गया हर घर दस्तक अभियान

**आंदर (सिवान)** – प्रखंड के मानपुर पतेजी पड़ेजी, असांव, भवराजपुर, पतार, अर्कपुर, कटवार समेत आदि गांवों में मंगलवार को बीडीओ कुणाल कुमार के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव को ले हर घर दस्तक के तहत मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर शत- प्रतिशत मतदान कराने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर बीएलओ राजीव कुमार, आदित्य कुमार, आत्मानंद पाठक समेत सेविका, सहायिका व मतदाता उपस्थित थे।

## वर्षा से दिलाई गर्मी से राहत, सड़कों पर जल जमाव व कीचड़ से हुई परेशानी

**सिवान** – जिले में मंगलवार की दोपहर हुई हल्की वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिली वहीं जगह-जगह सड़कों पर जल जमाव व कीचड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं तापमान में आई गिरावट से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। मंगलवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह से ही आसमान में बादल मंडरा रहे थे, इससे ग्रामीण वर्षा होने की आशंका से काफी खुश नजर आ रहे थे। जब दो बजे के बाद गर्जन के साथ वर्षा शुरू हुई तो सभी लोग वर्षा का आनंद उठाने लगे। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। वर्षा के बाद जगह-जगह जल जमाव व कीचड़ होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर के स्टेशन रोड, कचहरी रोड, सब्जी मंडी, मखदुम सराय, स्टेशन रोड, दरबार रोड, शास्त्री नगर रोड समेत अन्य सड़कों पर कीचड़ होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा।

## मतदान में सुगमता प्रदान करने को स्काउट व गाइड को दिया गया प्रशिक्षण

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** – लोकसभा चुनाव को ले 25 मई को होने वाले मतदान कार्य को सुगमता प्रदान करने के लिए प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार की देखरेख में स्काउट व गाइड के स्वयंसेवकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर प्रधान सहायक संतोष चौधरी ने 25 स्काउट व गाइड को मतदान के दिन दिव्यांगजनों एवं बुजुर्ग मतदाताओं को सुगमतापूर्वक मतदान में सहयोग करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर पर्यवेक्षक संजय कुमार पासवान, सुनील कुमार, धर्मेंद्र कुमार, दीपू कुमार, चंदन कुमार सिंह, अवधेश कुमार प्रसाद, प्रशिक्षु विक्की कुमार, पुष्पा कुमारी, निधि कुमारी हिमांशु कुमार आदि उपस्थित थे।

## चुनाव की तैयारी को लेकर बीडीओ ने की प्रधानाध्यापकों संग बैठक

**महाराजगंज (सिवान)** – लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रखंड कार्यालय सभागार में बीडीओ डा. रवि रंजन ने प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में प्रधानाध्यापकों को सभी मतदान केंद्रों पर मतदान के दिन सुविधा सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ ने सभी प्रधानाध्यापकों को विद्यालय में बने मतदान केंद्र के बारे में जानकारी ली। साथ ही मतदान के दिन बिजली, पानी, शौचालय, रैंप, व्हीलचेयर, टेंट और शेड की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं में से किसी तरह की अगर कमी है तो इसकी जानकारी मुझे करा दें। उन्होंने बताया कि 25 मई को चुनाव होना है इसके कम से कम एक दिन पहले निश्चित रूप से सभी सुविधाएं व उपलब्ध करा देनी होगी। साथ हीं पोलिंग पार्टियों के ठहरने खाने पीने व सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए।

# हर घर दस्तक अभियान के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**सिवान** – लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत दारौंदा व बड़हरिया में मंगलवार को हर घर दस्तक अभियान चलाया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया। इस लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर शामिल होने तथा 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। जानकारी के अनुसार दारौंदा प्रखंड विभिन्न गांवों में बीएलओ द्वारा हर घर दस्तक अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक किया गया। इसके तहत लोगों को 25 मई को मतदान प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया ताकि प्रखंड अंतर्गत लोकतंत्र के महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और सशक्त लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति हो सके। इस दौरान बीएलओ एवं कर्मियों द्वारा मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। वहीं दूसरी ओर बड़हरिया प्रखंड के सिकंदरपुर पंचायत में मंगलवार को प्रखंड परियोजना प्रबंधक नलिनी रंजन झा के मार्गदर्शन में जीविका दीदियां हर घर दस्तक अभियान के तहत मतदान केंद्र संख्या 121 के आस पास के क्षेत्रों में घर- घर जाकर मतदाता को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया तथा 25 मई को अपने मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करने का संकल्प दिलाया गया। सामुदायिक समन्वयक रंजीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के महापर्व में सभी शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करानी है। इस मौके जीविका दीदी इंदु देवी, रेखा देवी, बीके स्नेहा देवी आदि उपस्थित थी।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई कार्यक्रम आयोजित कर पोषण व प्रसव पूर्व जांच की दी गई जानकारी

**दारौंदा (सिवान)** – मातृ पोषण स्तर को बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार को प्रखंड की सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की गई। गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार वितरण के साथ बेहतर पोषण और प्रसव पूर्व जांच की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि सरकार बेहतर पोषण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को संचालित करती है। इसके तहत प्रत्येक माह के सात तारीख को आंगनबाड़ी केंद्रों पर सात से नौ महीने की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई जाती है। सीडीपीओ उषा सिंह ने बताया कि गोदभराई दिवस मनाने को लेकर विभाग का उद्देश्य महिलाओं में पोषण को लेकर जागरुकता बढ़ाना है। गर्भावस्था में खान-पान का हमेशा ध्यान रखना चाहिए। प्रतिदिन हरी साग-सब्जी, मूंग का दाल, सतरंगी फल, सूखे मेवे एवं दूध, सप्ताह में दो से तीन बार, अंडे, मांस का सेवा करनी चाहिए। इस दौरान अतिरिक्त वसा की जरूरत को पूरा करने के लिए चिकनाई पूर्ण खाद्य पदार्थों का सेवन करें। साथ ही जिन महिलाओं में खून की कमी हो उन महिलाओं को बच्चे को जन्म देने से पहले 180 आयरन की गोलियां लेनी चाहिए और 180 गोली जन्म के बाद। इस मौके पर महिला पर्यवेक्षिका संयोगिता कुमारी, करुणा श्रीवास्तव, नीलम कुमारी, माधुरी कुमारी तथा विनय कृति ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया।

वहीं सेविका रीना देवी ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को शिशु होने तक तीन किस्तों में कुल 5000 रुपये की राशि सरकार द्वारा दी जाती है। पहली किश्त 1000 रुपये दी जाती है जिसके लिए किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई में गर्भ धारण करने के 150 दिनों के अंदर पंजीकरण करा जरूरी दस्तावेज देने पड़ते हैं।

## पार्टी विरोधी कार्य को ले कार्रवाई की अनुशंसा

**सिवान** – पार्टी विरोधी गतिविधि में संलिप्त होने पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कार्यकर्ता सुनील कुमार चंदेल, राजकिशोर प्रसाद, अशोक मिश्र, विनोद पांडेय और पंकज पांडेय को छह साल के निष्कासन के लिए अनुशंसा की है। उक्त जानकारी मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश गौतम व विधानसभा संयोजक सह प्रदेश प्रभारी कमल क्लब अनुरंजन मिश्रा ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दी है।

# बोलेरो पलटने से महिला की मौत, तीन घायल

**सिवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चैनपुर-रसूलपुर मुख्य मार्ग पर चैनपुर पेट्रोल पंप मोड़ के समीप सोमवार की रात बोलेरो पलटने से बोलेरो में सवार एक महिला की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। मृतका की पहचान रसूलपुर थाना क्षेत्र के डोहर निवासी रंगलाल साह की पत्नी मुन्नी देवी के रूप में हुई है जबकि घायलों की पहचान समाचार प्रेषण तक नहीं हो पाई है।बताया जाता है कि सोमवार की रात एक बोलेरो रसूलपुर की ओर से चैनपुर के तरफ आ रही थी। चैनपुर-रसूलपुर मुख्य पथ पर चैनपुर पेट्रोल पंप के समीप तेज गति होने के कारण बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। इससे बोलेरो में सवार मुन्नी देवी की मौत घटनास्थल पर ही हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी होते ही काफी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी तथा घायलों को उपचार के लिए निजी क्लिनिक में ले गए जहां से चिकित्सक द्वारा बेहतर उपचार के लिए सिवान रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद चालक बोलेरो छोड़कर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष श्रवण पाल घटनास्थल पर पहुंच घटना की जानकारी ली तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अग्नि पीड़ित परिवार को सीओ ने प्रदान की आपदा सहायता राशि

**गुठनी (सिवान)** – अंचल कार्यालय में मंगलवार को सीओ डा. विकास कुमार ने गुठनी नगर पंचायत के अग्नि पीड़ित परिवार को आपदा राहत के तहत 12 हजार रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर अंचल नाजिर राजीव कुमार, प्रधान सहायक अशोक कुमार एवं अंचल निरीक्षक कृष्णा प्रसाद गुप्ता की उपस्थिति में लाभार्थी को चेक के माध्यम से राशि उपलब्ध कराई गई। ज्ञात हो कि पांच अप्रैल को नगर पंचायत के महादलित बस्ती में अचानक आग लगने से भीम राम का घर जलकर राख हो गई थी। सीओ ने राजस्व कर्मचारी के जांच प्रतिवेदन के बाद पीड़ित परिवार को राशि उपलब्ध कराई। राशि वितरण के दौरान सीओ ने गरीब परिवार के सदस्यों से कहा कि जो राशि आपदा राहत के तहत मुहैया कराई जा रही है उसे सही रूप में खर्च करें। साथ ही चीताखाल पंचायत के कोढ़वलिया गांव में तीन मई को शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में पीड़ित सुग्रीम गोड़ को रेड क्रास सोसायटी रिलीफ किट के माध्यम से हाइजिंग सेट, बर्तन, त्रिपाल समेत मच्छरदानी प्रदान किया गया। इस मौके पर अंचल कार्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# सेवा में समर्पण की ख्याति ने अभिषेक रंजन को दिलाई पदक

**महाराजगंज (सिवान)** प्रखंड के बंगरा निवासी सुधा देवी व नागेश्वर के पुत्र अभिषेक रंजन को भारत सरकार की ओर से पुलिस आंतरिक सुरक्षा पदक से नवाजा गया है। अभिषेक वर्तमान में मुंबई एयरपोर्ट पर सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। अभिषेक की इस उपलब्धि से पूरे गांव में जश्न का माहौल है। देश सेवा की भावना से ओतप्रोत अभिषेक पिछले 12 वर्षों से सीआइएसएफ में कार्यरत हैं। अभिषेक ने सीआइएसएफ में विभिन्न पदों पर रहते हुए, देश के कई जगहों पर सफलतापूर्वक अपने कार्य व दायित्वों का निर्वहन किया है। अभिषेक को भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा वामपंथी उग्रवाद क्षेत्र में दो साल के अनुभव के बाद पुलिस आंतरिक सुरक्षा सेवा पदक से नवाजा गया है। सीआइएसएफ के मुंबई एयरपोर्ट के उप महानिरीक्षक दीपक अग्रवाल ने सोमवार को अभिषेक को पदक पहनाया व प्रशस्ति पत्र प्रदान सम्मानित किया। पुलिस आंतरिक सुरक्षा पदक से सुशोभित अभिषेक युवाओं के आइकान बन गए हैं। अभिषेक को पदक मिलते ही उनके दोस्तों में खुशी का माहौल है। सभी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। वहीं सगे संबंधी अभिषेक को पदक मिलने पर गौरवांवित महसूस कर रहें हैं। अभिषेक को बधाई देने वालों में परशुराम सिंह, पूर्व शिक्षक वीरेंद्र सिंह, विनोद सिंह, प्राचार्य राजेश कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, टुब्लू सिंह, मुकेश सिंह व सुमित कुमार सिंह आदि शामिल थे।

# इंजीनियरिंग कालेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था पर चर्चा

**सिवान** – शहर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में मंगलवार को एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय ÷प्रोजेक्ट वर्क, कांफ्रेंस पेपर और रिसर्च पेपर कैसे लिखा जाता है÷ रहा। संगोष्ठी का शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. सूर्यकांत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप दीप प्रज्ज्वलित क किया। इस कार्यक्रम में बिहार और देश के विभिन्न कालेजों के बच्चों ने आनलाइन मोड में उद्घाटन समारोह का आनंद लिया। इन बच्चों में मुख्य रूप से यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मणिपुर इत्यादि के छात्र शामिल हुए। इस प्रोग्राम के कोआर्डिनेटर डा. विवेक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरीके के प्रोग्राम से बच्चों को अपने कार्य को किस तरीके से एक रिपोर्ट के रूप में तैयार करना होता है। इस पूरे प्रोग्राम को तीन भागों में बांटा गया, इसमें पहला भाग उद्घाटन समारोह था, दूसरे भाग में बच्चों को रिपोर्ट राइटिंग बताई गई और तीसरे भाग में किस तरीके से वह कांफ्रेंस पेपर और रिसर्च पेपर लिख सकते हैं। कालेज के प्राचार्य ने बताया कि आगे भी इस तरीके के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रोग्राम राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय सिवान में आयोजित किए जाएंगे जिससे हमारे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

# मोटर चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**दारौंदा (सिवान)** – थाना क्षेत्र के बगौरा में घर से मोटर चोरी करने मामले में सीसीटीवी कैमरे के आधार पर पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि दारौंदा के बगौरा निवासी अजय कुमार यादव के बयान पर प्राथमिकी कर गिरफ्तार दोनों युवकों को जेल भेज दिया गया है। अजय यादव ने आरोप लगाया है कि पांच की रात खाना खाकर सो गए थे। सुबह पांच बजे नींद खुली तो देखा कि बाथरूम के पास का मोटर गायब हो गया। जब इस मामले में सीसी कैमरे का फुटेज देखा गया तो उसमें दोनों युवकों की पहचान कर ली गई। दोनों युवक बंगरा निवासी बिनोद यादव एवं विक्की यादव थे। घटना की सीसी फुटेज पुलिस को सौंप दिया।

## स्वीप के तहत मतदाताओं को किया गया जागरूक

**भगवानपुर हाट (सिवान)** – महाराजगंज लोकसभा सीट के लिए 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर फ्रस्वीपफ्र के तहत प्रखंड के सभी गांवों में मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। जानकारी के अनुसार मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के भगवानपुर, रामपुर, महम्मदपुर, बड़कागांव, शंकरपुर, मोरा आदि गांवों में चौपाल का आयोजन कर मतदाताओं को 25 मई को अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट देने के लिए जागरूक किया गया। इस अभियान में सभी मतदान केंद्र स्तरीय पदाधिकारी बीएलओ, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, जीविका दीदी, पंचायत सचिव एवं अन्य पंचायत स्तरीय कर्मी शामिल थे। बीडीओ कुमार विशाल ने बताया कि स्वीप गतिविधियों द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाताओं को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित हो और लोकतंत्र की बुनियाद मजबूत हो सके।

## बीडीओ ने मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

**लकड़ी नबीगंज (सिवान)** – प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी भवन में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सुशील कुमार ने प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक की। बैठक में मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधा उपलब्धता पर चर्चा की। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को जिस विद्यालय में मतदान केंद्र बनाए गए हैं वहां चापाकल, शौचालय, विद्युत वायरिंग, साफ-सफाई, रैंप की सुविधा समेत अन्य सुविधा एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## लोकसभा चुनाव में वृद्ध व दिव्यांग मतदाताओं के सहयोग करेंगे वालेंटियर

**हसनपुरा (सिवान)** – प्रखंड मुख्यालय सभागार में मंगलवार को बीडीओ राजेश्वर राम की अध्यक्षता में वालेंटियरों के साथ बैठक कर दिव्यांग एवं वृद्धजन मतदाताओं को मतदान में सहयोग करने की जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव 25 मई को होना है। इस दौरान वालेंटियरों को बताया गया कि जो मतदाता दिव्यांग, बुजुर्ग व इलाजरत हैं उसे स्काउट वालेंटियर द्वारा मतदान केंद्र पर पहुंचाने में मदद करेंगे। इस दौरान उन्हें अपने कर्त्तव्य का पालन करने की जानकारी दी गई। बीडीओ ने बताया कि हर बूथ पर हेल्प डेस्क बनाया गया है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए हर बूथ पर व्हील चेयर, शेड आदि का व्यवस्था की गई। प्रशिक्षण में कुल 22 वालेंटियरों ने भाग लिया। इस मौके पर सीओ उदयन कुमार सिंह,जीविका बीपीएम रजनीश कुमार सिंह, डीईओ सागर कुमार, आवास पर्यवेक्षक अमरेंद्र कुमार, अब्दुररहमान, कार्यपालक सहायक अवशेष कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, सेतु कुमार, विजय कुमार चौबे व अमित कुमार पांडेय आदि सहित स्काउट एंड गाइड के वालेंटियर उपस्थित थे।

